# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
220, सिविल लाइन्स, मेरठ–250001
e-mail: ee_ist_upjn_mrt@yahoo.co.in


पत्रांक : 1016 / प्रेषण-7 / 07 दिनांक : 16/03/2026

**<u>भ्रमण आख्या</u>**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत फैज़ाबाद पचगांव, साल्हेनगर, जोहरा ग्राम समूह पेयजल योजना के भ्रमण हेतु मा0 विधायक, सिवाल खास, श्री हाजी गुलाम मौहम्मद जी द्वारा दिनांक 09.03.2026 को उक्त योजना का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थेः–

1. श्री उमेश सिंह, सहायक अभियन्ता (खण्डान्तर्गत)।
2. श्री हर्षवर्धन, जूनियर इंजीनियर (SWSM)।
3. श्री सुरेन्द्र कुमार स्वामी, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0)।
4. श्री यामीन, ग्राम प्रधान, ग्राम साल्हेनगर, विकास खण्ड जानी, जिला मेरठ।

**<u>ग्राम फैज़ाबाद पचगांव, साल्हेनगर, जोहरा पेयजल योजनाः–</u>** विकास खण्ड जानी के फैज़ाबाद पचगांव, साल्हेनगर, जोहरा ग्राम समूह पेयजल योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन है।

सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त योजना पर अवर जलाशय, नलकूप व पम्प हाउस, वाउण्ड्रीवॉल आदि के कार्य पूर्ण किये जा चुकें हैं, योजनान्तर्गत लगभग 9.75 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने तथा 602 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं। भ्रमण के दौरान मा0 विधायक सिवाल खास जी द्वारा ग्रामवासियों से वार्ता की गयी, जिस दौरान ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल आपूर्ति सुबह व शाम 02–02 घण्टे नियमित रूप से हो रही है। मा0 विधायक सिवाल खास द्वारा ग्रामवासियों को पानी की महत्वता को समझाते हुए पानी का दुरूपयोग न करने एवं पेयजल गृह संयोजन के रख–रखाव की जिम्मेदारी को समझें, हेतु कहा गया। मा0 विधायक जी सिवाल खास द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ग्राम में क्लोरीनेशन पेयजल आपूर्ति युक्त नियमित रूप से बनाये रखें। मा0 विधायक जी द्वारा जलकल परिसर का भ्रमण भी किया गया जिस दौरान उन्हें क्लोरीनेशन, ऑटोमेशन तथा पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

अन्त में मा0 विधायक सिवाल खास श्री हाजी गुलाम मौहम्मद जी द्वारा पौधारोपण किया गया।




अधिशासी अभियन्ता
मेरठ

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
3. जिलाधिकारी, मेरठ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
5. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मेरठ।

अधिशासी अभियन्ता
मेरठ

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री उमेश सिंह, सहायक अभियन्ता/श्री हर्षवर्धन, जूनियर इंजीनियर।
2. मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, मेरठ (डी0पी0एम0यू0)।
3. मै0 आरवी एसोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
4. मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0), मेरठ को इस निर्देश के साथ कि मा0 विधायक सिवाल खास द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

अधिशासी अभियन्ता
मेरठ

Scanned with OKEN Scanner